Corporate
**Ind-Swift Limited**
781, Industrial Area, Phase-II,
Chandigarh - 160 002 INDIA
Ph. : 0172- 4680800, 2638781
Fax : 0172-2652242
E-mail : corporate@indswift.com
CIN No. : L24230CH1986PLC006897

**Ref.:ISL:CH:2025** | **Date: 13th February, 2025**

The President,
Corporate Relationship Department,
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
25th Floor, Dalal Street,
Mumbai 400 001

**BSE Scrip Code: 524652**

The Vice President,
National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No.C/2, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400 051

**NSE Symbol: INDSWFTLTD**

**SUB: PUBLICATION OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31st DECEMBER 2024**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copies of the Newspapers 'Financial Express' and 'Jansatta' dated 13th February, 2025 in which the Un-Audited Financial Results for the quarter ended 31st December, 2024 have been published by the Company.

You are requested to kindly take the same on record.

Thanking You

**For IND SWIFT LIMITED**

PUNEET
KHURANA

Digitally signed by PUNEET KHURANA
DN: c=IN, postalCode=132103, st=HARYANA, street=19 20 ASHOK NAGARPANIPATTEHSIL CAMP 132103, l=PANIPAT, o=Personal, title=4396, serialNumber=f90e543146d5dff84d9acc0c47a557c1500fa0349bce5609ccd7759660a6f460, pseudonym=9180aa02b06efef48c578cfa4e06f0f2, 2.5.4.20=e6711eea48537e2100bedba3432813b996d355664f6ebf7e3ecf5b61619c695c, email=PUNEETKHURANA78@GMAIL.COM, cn=PUNEET KHURANA
Date: 2025.02.13 14:45:11 +05'30'

**PUNEET KHURANA**
**COMPANY SECRETARY &**
**COMPLIANCE OFFICER**

**Encl- As above**


सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा

## प्रदेश में दिसंबर तक 72 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा

शिमला, 12 फरवरी (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि दिसंबर-2025 तक प्रदेश में सात परियोजनाओं से 72 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने ऊना जिले में दो परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया है, इनमें से 12 मेगावाट क्षमता की एक परियोजना गोंदपुर बुल्ला और 11 मेगावाट क्षमता की परियोजना लमलाहड़ी उपरली में स्थित है।

सोलन जिले में तीन परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, इनमें नालागढ़ के सनेड में 13 मेगावाट, बड़ा बरोट में आठ मेगावाट और दभोटा माजरा में 13 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं शामिल हैं। नौ मेगावाट की दभोटा-वन परियोजना के लिए शीघ्र ही निविदा जारी की जाएगी और इसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके अलावा ऊना जिला के टिहरा खास में छह मेगावाट की सौर परियोजना के लिए भी निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसी महीने इसके स्वीकृत होने की संभावना है। प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में 325 मेगावाट संयुक्त क्षमता की आठ अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रपट (डीपीआर) पूरी होने के बाद इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



**ऊना के टिहरा खास में छह मेगावाट की सौर परियोजना के लिए भी निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसी महीने इसके स्वीकृत होने की संभावना है।**

सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार पर्यावरण संरक्षण और सत्त विकास को अधिमान देते हुए वर्ष 2026 तक हिमाचल को देश के पहले हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश सरकार हरित ऊर्जा का उपयोग सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। नवीकरणीय ऊर्जा अक्षय ऊर्जा स्रोत हैं।

ऊना जिला के पेखुबेला में 32 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना 15 अप्रैल 2024 को जनता को समर्पित की गई थी। इस परियोजना से 48 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है, जिससे 31 जनवरी 2025 तक 14 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया है। इसके अलावा ऊना जिले के भंजाल में पांच मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण कार्य 30 नवंबर 2024 से शुरू हो गया है और अघलौर में दस मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण इसी माह पूर्ण होने की संभावना है। हरित हाइड्रोजन ऊर्जा के उत्पादन को भी केंद्र में रखकर राज्य सरकार कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। आयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सोलन जिला के नालागढ़ में एक मेगावाट क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया है, जिसके लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है।

गटवार पंचायत का फैसला

## नशे के साथ पकड़े जाने वाले परिवारों की सरकारी सुविधाएं होंगी बंद

शिमला, 12 फरवरी (ब्यूरो)।

बिलासपुर जिले में एक और पंचायत ने फैसला किया है कि किसी व्यक्ति के मादक पदार्थ (चिट्टा) के साथ पकड़े जाने पर उसके परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा। यह फैसला गटवार पंचायत ने किया है। इससे दो दिन पहले औहर पंचायत ने ऐसा ही फैसला किया था। गटवार पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा ने कहा कि यह फैसला युवाओं और समाज को नशे की लत से बचाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर लोगों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं और नशा करने वालों या इस धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।

शर्मा ने कहा कि पंचायत ने तय किया है कि अगर कोई व्यक्ति नशे के सेवन या उसकी तस्करी में संलिप्त पाया जाता है तो उसके परिवार को सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित करने का प्रस्ताव लाया जाएगा।

पंचायतों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाले परिवारों की योजनाएं, एकीकृत ग्रामीण विकास योजना (आइआरडीपी) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं।

**पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा ने कहा कि यह फैसला युवाओं और समाज को नशे की लत से बचाने के लिए किया है। दो दिन पहले औहर पंचायत ने भी ऐसा ही फैसला किया था। ग्राम पंचायत प्रधान नवल बजाज ने बताया कि युवाओं को नशे की लत और उसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।**

शर्मा ने कहा कि ऐसे परिवारों को मकान निर्माण, पानी की टंकी एवं अन्य सुविधाओं के लिए धनराशि नहीं दी जाएगी। ग्राम पंचायत प्रधान नवल बजाज ने बताया कि युवाओं को नशे की लत और उसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और जीवन स्तर देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। फिर भी युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

पंचायत के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड एवं गांव में नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायत ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों, युवाओं, महिला संगठनों और सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की है।

### खबर कोना

### आइआइटी मंडी को 85,000 अमेरिकी डालर की सहायता राशि दी

मंडी, 12 फरवरी (जनसत्ता)।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मंडी को अमेरिका में रहने वाले पूर्व छात्र मोहिंदर एल नय्यर से 85,000 अमेरिकी डालर की सहायता राशि दी है। यह राशि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी 'एंडोमेंट फंड' की स्थापना के लिए उपयोग की जाएगी, जो शोध की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, जरूरतमंद छात्रों की सहायता करने और उच्च शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस राशि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नय्यर ने मंडी और रुडकी फाउंडेशन के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य अकादमिक विकास को बढ़ावा देना और संस्थान के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है।

### सुक्खू सरकार अधिकारियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश कर रही : बिक्रम

धर्मशाला, 12 फरवरी (जनसत्ता)।

मंडी के एसडीएम पर हुए हमले को लेकर पूर्व उद्योग मंत्री और जसवां परागपुर के भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर का कहना है कि सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार में पिछले कुछ अरसे से प्रदेश के अधिकारियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की जा रही है। बद्दी की पुलिस अधीक्षक इलमा अफरोज से शुरू हुआ यह सिलसिला मंडी के एसडीएम पर हमले तक पहुंच चुका है और सिर्फ तमाशा देख रही कांग्रेसी सरकार के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया है। बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में ठाकुर ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के योगदान से न सिर्फ सरकारी योजनाएं धरातल पर क्रियान्वित की जाती हैं, बल्कि माफियागिरी पर नकेल कसने में भी यह बड़ी भूमिका अदा करते हैं। ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं कह चुके हैं कि उन्हें आइएएस व आइपीएस अधिकारियों की कोई आवश्यकता नहीं है।

### शनेडा नाले पर बने लोहे के पुल से सामान चोरी, मामला दर्ज

धर्मशाला, 12 फरवरी (जनसत्ता)।

चंबा जिले की चुराह घाटी की थनेईकोठी पंचायत के शनेडा नाले पर बने लोहे के पैदल पुल से चोरों ने चादरें और अन्य सामान को चुरा लिया। इसके अलावा विकास खंड तीसा के तहत झज्जाकोठी, थनेईकोठी के अलावा कुठेड़ बुधौड़ा समेत तीन पंचायतों से सौर ऊर्जा की दस बैटरियों भी चोरी हो गई। पुल का समान चोरी होने के बाद नाले को पार करने को लेकर लोगों को मुश्किल हो रही है। झज्जाकोठी और थनेईकोठी पंचायतों के सरपंच विपिन कुमार व कुलदीप कुमार का कहना है कि सात साल पहले पंचायत ने छोटा पुल बनाया था। दोनों मामलों को लेकर तीसा पुलिस शिकायत दर्ज करके जांच कर रही है।

## बाबा बालकनाथ न्यास ने 40.60 करोड़ के बजट को दी मंजूरी

शिमला, 12 फरवरी (ब्यूरो)।

हमीरपुर जिले में बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध का प्रबंधन करने वाले न्यास ने इस वर्ष इसके संचालन के लिए 40.60 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को दियोटसिद्ध में न्यास की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक बड़सर के उपमंडलाधिकारी एवं न्यासी के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि मंदिर न्यास को 2024 में 35 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई जबकि 27 करोड़ रुपए से अधिक का व्यय हुआ। इसके बजट का आधे से अधिक हिस्सा मंदिर न्यास के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और कर्मचारी कल्याण कोष तथा इसके द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं पर खर्च किया जा रहा है।

**अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ने बताया कि मंदिर न्यास को 2024 में 35 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई जबकि 27 करोड़ रुपए से अधिक का व्यय हुआ।**

अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना' के लिए एक करोड़ रुपए का बजट रखा है। मंदिर प्रांगण में टाइल्स बदलने, सुरक्षा व्यवस्था, सामुदायिक रसोई घर चलाने, मंदिर के लिए सीसीटीवी खरीदने, सफाई व्यवस्था और हैंडपंप लगाने के लिए भी धनराशि आबंटित की गई। बाबा बालकनाथ के पूरे वर्ष भारत और विदेश से सैकड़ों तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं।

## चलती बस के दोनों पहिये निकले, यात्री सुरक्षित

कुल्लू, 12 फरवरी (जनसत्ता)।

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस हादसे का शिकार हो गई। रामपुर डिपो की बस के आनी के निमला के पास चालक की तरफ के पिछले दोनों पहिये एक्सल समेत अचानक खुल गए। बस में चालक और परिचालक सहित 25 यात्री सवार थे, जिनकी जान बाल-बाल बच गई। घटना बुधवार सुबह की है, जब रामपुर डिपो की बस दलाश से शुष होते हुए आनी की ओर जा रही थी।

निमला के पास अचानक बस के पिछले दोनों पहिये एक्सल के साथ निकल गए और बस वहीं रुक गई। इस हादसे में किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई। जबकि पहिये बस से छिटककर आगे जा पहुंचे। गौर रहे कि यह आनी क्षेत्र में पिछले दस दिनों में बस के टायर खुलने की दूसरी घटना है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता ने माना कि यह बस बीते कल मंगलवार को ही रामपुर कार्यशाला में जांच के लिए गई थी। कार्यशाला से मरम्मत करवाकर मंगलवार को दलाश गई थी और बुधवार सुबह सवारियों को लेकर दलाश से वाया शुष होकर आनी आ रही थी, जब निमला के पास यह हादसा हुआ। ऐसे में यह जांच का विषय है कि कार्यशाला में तकनीकी तौर पर क्या कोई कमी रह गई या फिर बस की डिफरेंशियल ट्यूब पुरानी या खराब तो नहीं थी, जिसके टूटने से बस के दोनों पहिये खुल गए।

**राज्य परिवहन निगम की बस में चालक और परिचालक समेत 25 यात्री सवार थे। आनी के निमला के पास हुआ हादसा।**



क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता ने बताया कि वे घटनास्थल पर जायजा लेने पहुंचे हैं और जल्द ही जांच रपट उच्चाधिकारियों को भेजेंगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रामपुर डिपो आनी क्षेत्र में अक्सर पुरानी और खराब स्थिति वाली बसें भेज रहा है। महज डेढ़ सप्ताह पहले भी लुहरी-खेगसू मार्ग पर इसी तरह का एक हादसा हुआ था, जहां एक चलती बस का अगला पहिया निकल गया था। उस समय भी चालक की सतर्कता के कारण एक बड़ी दुर्घटना टल गई थी। इस तरह के हादसे यात्रियों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गए हैं।

रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता ने कहा कि यह बस मंगलवार को ही कार्यशाला आई थी, ऐसे में पहिये खुलने के क्या कारण रहे इसकी जांच की जा रही है। बस के कलपुर्जों में तकनीकी खराबी भी आ जाती है। जिसके चलते ही शायद बस की डिफरेंशियल ट्यूब टूट गई।

## विष्णु भगवान के आशीर्वाद से फागली पर्व शुरू

कुल्लू, 12 फरवरी (जनसत्ता)।

फाल्गुन मास के आरंभ होते ही बुधवार को बंजार घाटी में फागली पर्व का आरंभ हो गया है। भगवान विष्णु के आशीर्वाद से इस पर्व की शुरुआत हो गई है। फागली उत्सव का दौर पूरातन समय से चला आ रहा है। उपमंडल बंजार के गांव चैहणी से यह पर्व शुरू हो गया है।

यह पर्व वेहलो, वीणी, बाहू, देउठा, चेडा, कलवारी, शीली, पेखडी, चेथर गोशाला आदि कई गांवों में फाल्गून संक्रांति से लेकर यह पर्व करीब तीन दिनों तक मनाया जाता हैं। लोग इस पर्व को मनाने के लिए दूर-दूर से अपने घरों को आते हैं । देव समाज से जुड़े लोगों का कहना है कि देवता के गुर की आज्ञा मिलने पर फागली का



आगाज किया है। मढयालें जो शरूली नामक घास के चोलू (वस्त्र) पहल कर मुंह पर मखौटा लगाकर देवता विष्णू नारायण के सम्मान में साथ नाचते हैं। मढंयाले तथा देवता आपस में देव मिलन होता है। मढयालैं गांव के प्रत्येक घर में जा कर लोगों को आशीर्वाद देते है। लोगों को धन धान्य, समृद्धि तथा कई प्रकार की भूत वाधा को दूर किया जाता हैं। वही, पर्यटकों की नजर से इसे मास्क उत्सव का नाम भी दिया गया है। बाहरी राज्यों से पर्यटक भी इस पर्व को देखने के लिए पहुंचना शुरू हो गए है ।

## मध्याह्न भोजन योजना को सरकारी संगठनों को सौंपे जाने का विरोध

धर्मशाला, 12 फरवरी (जनसत्ता)।

सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना (मिड-डे मील) के तहत काम कर रहे कार्यकर्ताओं ने इस योजना को सरकारी संगठनों को सौंपने जाने पर विरोध जताते हुए संघर्ष की धमकी दी है।

बुधवार को चंबा जिले के तीसा खंड में इस बाबत सीटू की कर्मचारी यूनियन ने जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार की अगुआई में भंजराडू में सम्मेलन किया, जिसमें 55 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार मध्याह्न भोजन योजना को निजी हाथों में दे रही है। देश में 447 गैर सरकारी संगठन मध्याह्न भोजन योजना में काम करते हैं और अकेला अक्षयपात्र (एनजीओ) 1.5 करोड़ बच्चों के लिए दोपहर्तक भोजन बना रहा है। जिसका सीधा मतलब है कि सरकार योजना को खत्म करके इसका निजीकरण करने पर आमादा है।

सीटू नेता ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना कर्मियों के पास अब सिर्फ आंदोलन का ही रास्ता बचा है और आने वाले समय में मध्याह्न भोजन योजना कर्मी हड़ताल पर जाएंगे। उन्होनें कहा कि कार्यकर्ताओं से विद्यालय में कई अन्य तरह के काम भी करवाए जाते हैं। इन वर्करों को 12 महीने का मानदेय देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू करने और छुट्टियों का प्रावधान करने के साथ मध्याह्न भोजन योजना के कर्मियों के लिए नीति लाने की मांग की। सम्मेलन में 31 सदस्यीय समिति का चुनाव किया गया।


**Ind-Swift Ltd.**

Regd. Off.: 781, Industrial Area, Phase-II, Chandigarh-160002. Ph. 0172-2638781/4680800 Fax: 0172-2652242/2655406.
E-mail: companysec@indswift.com Website: www.indswiftltd.com | CIN: L24230CH1986PLC006897

STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/NINE MONTHS ENDED 31ST, DEC. 2024 (₹ in Lacs)

| PARTICULARS | STANDALONE | | | | | | CONSOLIDATED | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended 31.12.2024 | Quarter Ended 30.09.2024 | Quarter Ended 31.12.2023 | Nine Months Ended 31.12.2024 | Nine Months Ended 31.12.2023 | Year Ended 31.03.2024 | Quarter Ended 31.12.2024 | Quarter Ended 30.09.2024 | Quarter Ended 31.12.2023 | Nine Months Ended 31.12.2024 | Nine Months Ended 31.12.2023 | Year Ended 31.03.2024 |
| | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | Audited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | Audited |
| Total Income from Operations | 12278.25 | 14097.22 | 10518.20 | 41753.67 | 37841.82 | 56024.07 | 12278.25 | 14097.22 | 10518.20 | 41753.67 | 37841.82 | 56024.07 |
| Profit(loss) before exceptional Items and Tax | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1646.35 | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1646.35 |
| Profit(loss) before Tax (After exceptional items) | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1646.35 | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1646.35 |
| Net Profit /( Loss) for the period (after tax & Exceptional items) | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1423.13 | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1423.13 |
| Total Comprehensive Income for the Period | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1405.25 | (549.84) | 411.20 | (1496.51) | 2685.26 | (2330.82) | 1405.25 |
| Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 2/- per Share) | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 | 1083.29 |
| Reserves excluding revaluation reserves | | | | | | -70165.81 | | | | | | -70165.81 |
| EPS (of Rs. 2/- each) (Not annualised) (In Rs.) | | | | | | | | | | | | |
| Basic | (1.02) | 0.76 | (2.76) | 4.96 | (4.30) | 2.63 | (1.02) | 0.76 | (2.76) | 4.96 | (4.30) | 2.63 |
| Diluted | (1.02) | 0.76 | (2.76) | 4.96 | (4.30) | 2.63 | (1.02) | 0.76 | (2.76) | 4.96 | (4.30) | 2.63 |

Note: (1)The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated financial results for the quarter ended 31st Dec. 2024 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. the full format of the standalone and consolidated Financial Results for the quarter/Nine Months ended 31st Dec. 2024 are available on the Stock Exchange websites, www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website www.indswift.com. The same can be accessed by scanning the QR Code. (2) The Consolidated Financial Results includes the financial results of the parent Company Ind Swift Ltd and the financial results of subsidiary Company Ind-swift India Ltd Kenya. (3) The Company's first Wholly owned Subsidiary in Kenya " Indswift India Limited " has been incorporated during the Year 30th June,2022 and it has not commenced any operations yet. (4) The previous period figures have been re-grouped, re-arranged and reinstated wherever necessary. (5) The Company is exclusively in the Pharmaceutical Business segment.

Place: Chandigarh
Date: 11.02.2025

For Ind Swift Limited
sd/-
(Himanshu Jain)
Director


## कुल्लू में खुले मंदिरों के कपाट

कुल्लू, 12 फरवरी (जनसत्ता)।

कुल्लू में फाल्गुन मास की संक्रांति पर देवालयों के कपाट खुल गए हैं। ऐसे में कुल्लू में देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ पड़ी है। कुल्लू की उझी घाटी में भी स्वर्ग प्रवास से देवी-देवता वापस लौट आए हैं और बुधवार को देवी-देवताओं ने अपने गुर के जरिए आगामी समय को लेकर भविष्यवाणी भी की। फाल्गुन मास की संक्रांति को कुल्लू में 400 से अधिक देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से धरती पर लौटे।

देवी-देवताओं के स्वर्ग प्रवास पर जाने के बाद कई देवालयों के कपाट एक महीने से तो कई दो महीने से बंद रहर। कई देवी-देवता पिछले साल दिसंबर में पौष मास की संक्रांति को तो कई जनवरी में मकर संक्रांति को स्वर्ग प्रवास पर गए थे। फाल्गुन मास की संक्रांति को देवालयों के कपाट खुलते ही देवी-देवता धरती पर लौटे।

गौरतलब है कि पौष मास की संक्रांति पर कुल्लू के देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर चले गए थे कुछ देवता माघ मास की संक्रांति पर वापस लौट आए थे। अब कुछ देवता फाल्गुन मास की संक्रांति पर लौट आए हैं। देवी-देवताओं के वापस लौट आने से अब ग्रामीण क्षेत्रों में मेले व त्योहार भी शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा चैत्र मास के संक्रांति पर भगवान बिजली महादेव सहित कुछ अन्य देवता धरती पर वापस लौटेंगे।

**मंडी की सांसद कंगना रनौत देवता कार्तिक स्वामी के मंदिर में पहुंची**

देव सेनापति देवता कार्तिकेय स्वामी के सिमसा स्थित मंदिर के कपाट खुल गए हैं। माघ संक्रांति पर मंदिर के कपाट बंद हुए थे। बुधवार को मंदिर के कपाट खुलते ही मंडी की सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत भी दर्शन करने मंदिर पहुंचीं। मंदिर के समीप ही कंगना का निवास है। माघ संक्रांति को देवता कार्तिक स्वामी के मंदिर के कपाट बंद हो गए थे। मान्यता है कि इस अवधि में देवता स्वर्ग प्रवास पर रहते हैं। बुधवार को फागुन संक्रांति पर मंदिर के कपाट फिर खुल गए। देव परंपरा के अनुसार फागली उत्सव का आयोजन किया। मंदिर के प्रांगण में देव परंपराएं निभाई गईं। देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

